**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**26.12.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान को किया याद।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान बढ़कर 25 करोड़ से अधिक हुआ।
- एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन शिमला में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन– राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति अपनाने को कहा।
- प्रदेश में कल से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ– ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

**समाचार विस्तार से............**

### प्रधानमंत्री वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास में और वर्तमान में भी युवा ऊर्जा ने भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि स्वंतंत्रता संग्राम से लेकर 21वीं सदी के जन आंदोलनों तक देश के युवा ने हर क्रांति में योगदान किया है।

### जयराम–बाल दिवस

इधर प्रदेश में कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रीगुरू गोविंद सिंह के साहिबजादों की कुर्बानी को याद किया गया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नाचन विधानसभा क्षेत्र के हटगढ़ सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि साहिबजादों की कुर्बानी और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते हमारे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे। उन्होंने साहिबजादों की शहादत के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णय के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

### सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिल्कफेड अब प्रतिदिन दो लाख लीटर दूध की खरीद कर रहा है और दूध उत्पादकों के मासिक भुगतान को 8 करोड़ 70 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ 62 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे दूध उत्पादकों को प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गाय का दूध 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर की दर से खरीद रही है। उन्होंने कहा कि दूध की खरीद में पारदर्शिता लाने की दृष्टि से मिल्कफेड के माध्यम से राज्य भर में 4 सौ 55 स्वचालित दूध संग्रहण केंद्र स्थापित किए गए हैं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि किसानों की आय में बढ़ौतरी करने के उद्देश्य

से मिल्कफेड द्वारा 11 जिलों में डेयरी विकास कार्यक्रम भी क्रियान्वित किए जा रहे हैं, जिसके तहत एक हजार एक सौ 48 ग्रामीण डेयरी सहकारी समितियां बनाई गई हैं।

**इन्दू गोस्वामी**

राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की और चम्बा व काँगड़ा जिलों को जोड़ने बाले सामरिक महत्व के होली–उतराला मार्ग का निर्माण कार्य केन्द्रीय एजेंसी से करने का अनुरोध किया। उन्होंने इस पूरी सड़क परियोजना को केन्द्रीय मद से बजट प्रावधान करने का भी केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया। इन्दु गोस्वामी ने बताया कि होली–उतराला मार्ग के निर्माण से प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा और चंबा जिला की दूरी मात्र 60 किलोमीटर रह जाएगी और दोनों जिलों की लगभग 2 लाख की आबादी को लाभ मिलेगा। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग ऑथोरिटी के अधिकारियों को इस सड़क मार्ग की विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए सांसद को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

**युवा संगम कार्यक्रम**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर और तेलंगाना राज्य के विद्यार्थियों ने युवा संगम चरण–5 के तहत आज शिमला स्थित राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ बातचीत की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान विद्यार्थियों ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव भी साझा किए। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सांस्कृतिक जुड़ाव व संस्कृति के संवर्धन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे युवाओं में एकता की भावना और मजबूत होती है। उन्होंने छात्रों से अपनी संस्कृति पर गर्व करने और उसे अपनाने पर बल दिया।

**मौसम**

प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि मध्य पर्वतीय व मैदानी इलाकों में बारिश का दौर एक बार फिर शुरू होगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि कल से प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, मंडी और शिमला जिले में बर्फबारी जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश की संभावना हैं। विभाग के अनुसार आगामी 2–3 दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जबरदस्त शीतलहर के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सर्दियों के मौसम में सड़कों और पेयजल योजनाओं को दुरूस्त रखने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज किन्नौर ज़िले के रिकांगपिओं में परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लंबित विभिन्न विकास कार्यों पर गहन विचार–विमर्श कर ज़रूरी दिशा–निर्देश भी दिए। जगत सिंह नेगी ने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर पहुंचाने के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस बीच राजस्व मंत्री ने कल्पा स्थित आईस स्केटिंग रिंक में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों का शुभारंभ किया।

**शांडिल**

राज्य अल्पसंख्यक वित्त व विकास निगम द्वारा राज्य के अल्पसंख्यकों व दिव्यांगजनों को स्वरोजगार स्थापित करने और विस्तार करने के लिए रियायती दरों पर दिए जाने वाले के लिए पारिवारिक आय सीमा को बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया गया है। पहले यह आय सीमा ग्रामीण क्षेत्रों में 98 हजार रुपये और शहरी क्षेत्रों में एक लाख 20 हज़ार रुपये थी। आज शिमला में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल की अध्यक्षता में हुई निगम के निदेशक मंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि निगम के माध्यम से वर्ष 2023–24 के दौरान अल्प संख्यकों को एक हज़ार 2 सौ 96 लाख 95 हज़ार जबकि दिव्यांगजनों को 5 सौ 40 लाख 83 हज़ार रूपये का ऋण रियायती ब्याज दर पर दिया गया है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल क्षेत्र की सरस्वती नगर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंद्रपुर के भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रोहित ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की शिक्षा के प्रति असंवेदनशीलता और नकारात्मक दृष्टिकोण के कारण हिमाचल प्रदेश देश में 21वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 वर्षों के दौरान करीब 6 हज़ार शिक्षकों को बैचवाइज़ व सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्तियां दी गई हैं और अभी भी ये प्रक्रिया निरंतर जारी है।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने आज नाहन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की और सिरमौर जिले में केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को रुके कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश देते हुए विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने को कहा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर'**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बाल दिवस पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान को किया याद।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों का मासिक भुगतान बढ़कर 25 करोड़ से अधिक हुआ।
- एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन शिमला में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन– राज्यपाल ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति अपनाने को कहा।
- प्रदेश में कल से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ– ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट।

---